an>

Title: Need to take steps to waive off the electricty bills of the farmers.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : सभापति महोदय, उत्तर प्रदेश का जो बुंदेलखंड क्षेत्र है, जहां की चर्चा आदरणीय पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल कर रहे थे, वास्तविकता यह है कि बुंदेलखंड में किसानों की बड़ी दयनीय स्थिति है। किसान तीन साल से बेमौसम बरसात से, सूखे से तबाह हो गया है। बुंदेलखंड का जो क्षेत्र है, वहां के किसान बुरी तरीके से पलायन कर रहे हैं।

माननीय सभापति महोदय, जब वÂर्षा नहीं हुई थी तो किसानों ने डीजल पंप चलाकर पानी खेतों में देकर फसल को बोया था। वहां बेमौसम बरसात से फसल बर्बाद हो गई है। आज की स्थिति में जिन किसानों के पास सरकारी ट्यूबवेल लगे हुए थे, आज की स्थिति में उनके बिल उनके यहां पहुंच गए हैं। मैं केन्द्र सरकार से मांग करना चाहता हूं कि बुंदेलखंड के किसानों की स्थिति बहुत दयनीय व खराब है, उनके जो ट्यूबवेल, बिजली के बिल हैं, उनको माफ किया जाए, जिससे उनको कुछ न कुछ राहत मिल सके।

माननीय सभापति :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

कुँवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।